अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2016
## (समावेशी शिक्षा)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** सामान्य बच्चे होते हैं - **(1)**

(A) 70 से कम IQ वाले
(B) 70 से 80 IQ वाले
(C) 90 से 110 IQ वाले
(D) 110 से ऊपर IQ वाले

**2.** किसने विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को दुर्लभ गुणों वाला बच्चा बताया है ? **(1)**

(A) हेविट ने
(B) हीवर्ड ने
(C) क्रो एण्ड क्रो ने
(D) क्रिक ने

**3.** आंशिक शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को विभाजित किया जा सकता है - **(1)**

(A) दो वर्गों में
(B) चार वर्गों में
(C) तीन वर्गों में
(D) पाँच वर्गों में

**4.** आंशिक दृष्टिबाधित वाले बच्चे पढ़ सकते हैं - **(1)**

(A) उत्तल लेंस की सहायता से
(B) अवतल लेंस की सहायता से
(C) समतल लेंस की सहायता से
(D) किसी प्रकार के लेंस की आवश्यकता नहीं पड़ती

**5.** श्रवण दोष से ग्रसित बच्चों में दोष हो सकता है - **(1)**

(A) कान के बाहर
(B) कान के अन्दर
(C) कान के मध्य
(D) उपर्युक्त तीनों

**6.** पूर्ण अथवा गहन श्रवण-बाधित बच्चों का सुनने का डेसीबल स्तर होता है - **(1)**

(A) 35 से 51 DB तक
(B) 55 से 69 DB तक
(C) 70 से 89 DB तक
(D) 90 से 100 DB तक

**7.** निम्नलिखित में कौन अस्थिबाधित बच्चों की विशेषता नहीं है ? **(1)**

(A) हकलाना
(B) मेरुदण्ड का वक्र होना
(C) विकृत नितम्ब
(D) पाँव फिरा

**8.** प्रतिभाशाली बच्चों की बुद्धिलब्धि होती है - **(1)**

(A) 70 या इससे कम
(B) 100 या इससे कम
(C) 140 या इससे अधिक
(D) 120 या इससे कम

**9.** निर्देशन नवयुवकों को अपने से दूसरों से और परिस्थितियों से सामंजस्य करना सीखने के लिए सहायता देने की प्रक्रिया है। यह कथन है - **(1)**

(A) जोन्स का
(B) शिक्षा आयोग (1964-66) का
(C) रायवर्न का
(D) स्किनर का

**10.** परामर्श का अभिप्राय है, दो व्यक्तियों का सम्पर्क जिसमें एक व्यक्ति को किसी प्रकार की सहायता दी जाती है। यह कथन है - **(1)**

(A) मायर्स का (B) कार्ल रोजर्स का

(C) रॉबिन्सन का (D) बेबस्टर का

**11.** परामर्श में व्यक्ति को समस्या समाधान हेतु सहायता दी जाती है - **(1)**

(A) गीतों के माध्यम से (B) चित्रों के माध्यम से

(C) वार्तालाप के माध्यम से (D) कहानी के माध्यम से

**12.** परामर्श एवं निर्देशन देने वाली संस्था मनोविज्ञान शाला, उत्तर प्रदेश में स्थित है - **(1)**

(A) लखनऊ में (B) बरेली में

(C) वाराणसी में (D) इलाहाबाद में

**13.** परामर्श से सम्बन्धित जिले की विशेषज्ञ समिति का नेतृत्व करता है - **(1)**

(A) जिले का मुख्य चिकित्साधिकारी (B) जिला मजिस्ट्रेट

(C) जिलाधिकारी (D) जिला विद्यालय निरीक्षक

**14.** विद्यालय में दास-अवरोध की समस्या को रोकने में प्रमुख रूप से सहायक है - **(1)**

(A) शिक्षक (B) अभिभावक

(C) निर्देशन (D) निर्देशन एवं परामर्श

**15.** निर्देशन एवं परामर्श द्वारा बताया जा सकता है - **(1)**

(A) क्या करने योग्य है (B) क्या न करने योग्य है

(C) क्या करने योग्य, क्या न करने योग्य है (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** शिक्षक-प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि में समावेशी शिक्षा पर आधारित प्रशिक्षण के दो उद्देश्य लिखिए। **(1)**

**17.** समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत किस प्रकार के बच्चे आते हैं? **(1)**

**18.** सामान्य बच्चों में कौन-कौन सी मानसिक भिन्नताएँ होती हैं? **(1)**

**19.** सामान्य बच्चे की दो विशेषताएँ बताइए। **(1)**

**20.** पिछड़े बच्चों से आपका क्या अभिप्राय है ? **(1)**

**21.** बच्चे की वास्तविक आयु की गणना से सम्बन्धित सूत्र लिखिए। **(1)**

**22.** आंशिक रूप से शारीरिक अक्षम बच्चों के सभी प्रकार लिखिए। **(1)**

**23.** मध्यम रूप से दृष्टिबाधित व्यक्ति के नेत्रों के देखने की क्षमता कितनी होती है? **(1)**

**24.** वाक्दोष का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**25.** अस्थिबाधित बच्चों की पहचान से सम्बन्धित लक्षण लिखिए। **(1)**

**26.** असुविधा सम्पन्न समूह के अन्तर्गत किस समूह के बच्चे आते हैं? **(1)**

**27.** निर्देशन एवं परामर्श किन दृष्टिकोणों से आवश्यक है? **(1)**

**28.** परामर्श के क्या उद्देश्य है? **(1)**

**29.** डी. जी. पी. का पूरा नाम लिखते हुए इसका आशय स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**30.** पर्यवेक्षण क्यों आवश्यक है? स्पष्ट कीजिये। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान कैसे करेंगे ? विस्तार से समझाइये । **(2)**

**32.** धीमी गति से सीखने वाले बच्चों की विशेषताएँ बताइए। **(2)**

**33.** शैक्षिक रूप से पिछड़े बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था कैसे करेंगे? बिन्दुवार विवरण दीजिए। **(2)**

**34.** श्रवण-बाधित बच्चों की पहचान से सम्बन्धित लक्षणों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**35.** वाक्दोष कितने प्रकार के हो सकते हैं व्याख्या कीजिए। **(2)**

**36.** समस्यात्मक बच्चे कौन होते हैं? इनकी पहचान कैसे करेंगे? बिन्दुवार समझाइए। **(2)**

**37.** निर्देशन का अर्थ, उद्देश्य आवश्यकता एवं क्षेत्र की विस्तृत व्याख्या कीजिए। **(2)**

**38.** परामर्श को परिभाषित करते हुए इसके उद्देश्य लिखिए। **(2)**

**39.** परामर्श में सहयोग देने वाली संस्थाओं का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**40.** बाल-अधिगम में निर्देशन एवं परामर्श का महत्व बताइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/samaveshi-shiksha/2016

2. समावेशी शिक्षा का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/samaveshi-shiksha/

3. समावेशी शिक्षा के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/samaveshi-shiksha/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN